भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1398**

दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ

**पंचायतों का डिजिटलीकरण**

**1398. श्री नारणभाई काछड़िया:**
**श्री जयंत सिन्हा:**
**श्री दिलीप शइकीया:**
**श्री सन्नी देओल:**
**श्री देवजी पटेल:**
**श्री बिधुत बरन महतो:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटिल:**
**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:**
**श्री सत्यदेव पचौरी:**
**श्री धर्मेन्द्र कश्यप:**
**श्रीमती रेखा वर्मा:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पंचायतों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के संबंध में मंत्रालय के उद्देश्य क्या हैं;

(ग) झारखंड सहित पंचायतों के डिजिटलीकरण में अब तक राज्य-वार और जिला-वार कितनी प्रगति हुई है; और

(घ) राजस्थान सहित देश में पंचायतों के कार्य स्तर में सुधार लाने के लिए राज्य-वार कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)**

(क) से (ग) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, मंत्रालय पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को स्थानीय स्वशासन के रूप में अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) लागू कर रहा है। पिछली उपलब्धियों के आधार पर, मंत्रालय ने 24 अप्रैल, 2020 को ई-पंचायत एमएमपी के तहत पीआरआई के लिए एक कार्य-आधारित व्यापक एप्लिकेशन ई ग्रामस्वराज शुरू किया। इस एप्लिकेशन में ऑनलाइन भुगतान सहित एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंचायत के कामकाज के सभी पहलुओं जैसे आयोजना, बजटन, लेखांकन, निगरानी, परिसंपत्ति प्रबंधन आदि शामिल हैं । अब तक, 2.49 लाख ग्राम पंचायतों ने वर्ष 2023-24 के लिए अपनी ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी) तैयार करके अपलोड की हैं। इसके अलावा, 2.32 लाख ग्राम पंचायतों ने वर्ष 2023-24 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान के लिए ऑनलाइन लेनदेन पूरा कर लिया है। झारखंड सहित ई-ग्रामस्वराज को राज्यवार अपनाने संबंधी विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

साथ ही, जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए; मंत्रालय ने ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) के तहत एक एप्लिकेशन - ऑडिटऑनलाइन शुरू किया है। इसमें पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट की सुविधा है और यह आंतरिक और बाहरी ऑडिट के बारे में विस्तृत जानकारी दर्ज करता है। ऑडिट वर्ष 2021-22 के लिए 2.47 लाख ऑडिट योजनाएं बनाई गई हैं और 2.37 लाख ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई हैं। इसी प्रकार, ऑडिट वर्ष 2022-23 के लिए 1.44 लाख ऑडिट योजनाएं बनाई गई हैं और 29,981 ग्राम पंचायतों के लिए ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई हैं।

डिजिटल इंडिया विजन को प्राप्त करने के लिए, देश में सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए नेटवर्क बनाने हेतु दूरसंचार विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से भारतनेट परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। देश में भारतनेट परियोजना के तहत अब तक 2,10,181 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। दिनांक 30.06.2021 को भारतनेट का दायरा देश में ग्राम पंचायतों से आगे, बसावट वाले सभी गांवों तक बढ़ा दिया गया है। सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) 'पंचायत' राज्य का विषय होने के कारण, ग्राम पंचायतों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना मुख्य रूप से राज्यों का दायित्व है। ई-पंचायत एमएमपी के तहत, पंचायतों में ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कोई प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है। हालाँकि, दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2026 तक लागू की जा रही संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की केंद्र प्रायोजित योजना, ग्राम पंचायतों के लिए बुनियादी सुविधाओं जैसे - ग्राम पंचायत भवन, कंप्यूटर और सहायक उपकरण के लिए सीमित पैमाने पर वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों को पूरा करती है। चालू वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान राजस्थान सहित राज्यवार जारी की गई निधि का ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

***

**अनुबंध -I**

**'पंचायतों का डिजिटलीकरण' से संबंधित दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1398 के भाग (क) से (ग) से संदर्भित अनुबंध**

**वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पंचायत स्तर पर ई ग्राम स्वराज को अपनाना**

| क्र.सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या एवं समकक्ष | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13325 | 12976 | 10633 | 660 | 658 | 567 | 13 | 13 | 13 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 2091 | 1307 | 0 | 0 | 0 | 25 | 25 | 21 |
| 3 | असम | 2662 | 2197 | 2184 | 191 | 191 | 191 | 30 | 27 | 27 |
| 4 | बिहार | 8176 | 8175 | 7880 | 534 | 534 | 519 | 38 | 38 | 38 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11655 | 11654 | 10786 | 146 | 146 | 145 | 27 | 27 | 27 |
| 6 | गोवा | 191 | 191 | 63 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 |
| 7 | गुजरात | 14625 | 14319 | 13096 | 248 | 248 | 248 | 33 | 33 | 33 |
| 8 | हरियाणा | 6226 | 6204 | 5327 | 143 | 143 | 106 | 22 | 22 | 21 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 3612 | 3426 | 81 | 81 | 78 | 12 | 12 | 12 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 4286 | 4285 | 1584 | 275 | 0 | 0 | 20 | 0 | 0 |
| 11 | झारखंड | 4345 | 4344 | 4336 | 264 | 264 | 261 | 24 | 24 | 24 |
| 12 | कर्नाटक | 5955 | 5955 | 5862 | 233 | 232 | 165 | 31 | 31 | 27 |

| क्र.सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या एवं समकक्ष | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | केरल | 941 | 941 | 876 | 152 | 152 | 126 | 14 | 14 | 13 |
| 14 | लद्दाख | 193 | 193 | 0 | 31 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 23032 | 22998 | 21657 | 313 | 313 | 302 | 52 | 52 | 51 |
| 16 | महाराष्ट्र | 27619 | 27530 | 24510 | 351 | 351 | 333 | 34 | 34 | 34 |
| 17 | मणिपुर | 3812 | 161 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 6 | 3 |
| 18 | मेघालय | 6760 | 0 | 0 | 2240 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| 19 | मिजोरम | 834 | 834 | 70 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | नागालैंड | 1293 | 114 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | ओडिशा | 6798 | 6798 | 6744 | 314 | 314 | 314 | 30 | 30 | 28 |
| 22 | पंजाब | 13241 | 13200 | 10609 | 152 | 151 | 132 | 22 | 22 | 20 |
| 23 | राजस्थान | 11251 | 11243 | 10835 | 362 | 352 | 350 | 33 | 33 | 33 |
| 24 | सिक्किम | 199 | 183 | 176 | 0 | 0 | 0 | 6 | 4 | 4 |
| 25 | तमिलनाडु | 12525 | 12524 | 12295 | 388 | 388 | 386 | 36 | 36 | 36 |
| 26 | तेलंगाना | 12769 | 12767 | 12738 | 540 | 540 | 428 | 32 | 32 | 31 |
| 27 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 |

| क्र.सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या एवं समकक्ष | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान सहित जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | त्रिपुरा | 1178 | 1178 | 1173 | 75 | 75 | 73 | 9 | 9 | 9 |
| 29 | उत्तराखंड | 7794 | 7793 | 7716 | 95 | 95 | 94 | 13 | 13 | 13 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 57915 | 57910 | 57319 | 827 | 826 | 818 | 75 | 75 | 75 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 3227 | 3224 | 345 | 336 | 334 | 22 | 21 | 21 |
| **कुल** | | **268700** | **255597** | **236426** | **8960** | **6390** | **5970** | **675** | **638** | **616** |

**अनुबंध-II**

**'पंचायतों के डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1398 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं | राज्य का नाम | कुल जीपी/टीएलबी | सेवा के लिए तैयार जीपी/टीएलबी | ऑपरेशनल जीपी/टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 70 | 81 | 55 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13325 | 12198 | 2994 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 1011 | 184 |
| 4 | असम | 2197 | 1640 | 473 |
| 5 | बिहार | 8174 | 8860 | 2903 |
| 6 | छत्तीसगढ | 11656 | 9759 | 1446 |
| 7 | गोवा | 191 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 14376 | 14524 | 10325 |
| 9 | हरियाणा | 6220 | 6204 | 1036 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 415 | 260 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 1113 | 445 |
| 12 | झारखंड | 4345 | 4638 | 1797 |
| 13 | कर्नाटक | 5958 | 6251 | 3144 |
| 14 | केरल | 941 | 1130 | 960 |
| 15 | लद्दाख | 193 | 193 | 50 |
| 16 | लक्षद्वीप | 10 | 9 | 1 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23023 | 18102 | 2037 |
| 18 | महाराष्ट्र | 27894 | 24166 | 2770 |
| 19 | मणिपुर | 3818 | 1479 | 10 |
| 20 | मेघालय | 9058 | 688 | 72 |
| 21 | मिजोरम | 834 | 493 | 59 |
| 22 | नागालैंड | 1292 | 230 | 16 |
| 23 | ओडिशा | 6794 | 7099 | 3927 |
| 24 | पुदुचेरी | 108 | 101 | 95 |
| 25 | पंजाब | 13241 | 12807 | 7161 |
| 26 | राजस्थान | 11265 | 8997 | 5529 |
| 27 | सिक्किम | 198 | 54 | 12 |
| 28 | तमिलनाडु | 12525 | 6469 | 0 |
| 29 | तेलंगाना | 12769 | 10675 | 4953 |

| क्र.सं | राज्य का नाम | कुल जीपी/टीएलबी | सेवा के लिए तैयार जीपी/टीएलबी | ऑपरेशनल जीपी/टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 30 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 41 | 20 |
| 31 | त्रिपुरा | 591 | 771 | 360 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 58188 | 45061 | 2125 |
| 33 | उत्तराखंड | 7796 | 2013 | 846 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 2909 | 2284 |
| **कुल** | | **270441** | **210181** | **58349** |

** कुछ ग्राम पंचायत में 1 से अधिक सेवा बिंदु हो सकते हैं।*

**अनुबंध-III**

**'पंचायतों के डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1398 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**दिनांक 06.12.2023 तक आरजीएसए के तहत जारी निधि का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं | राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश | जारी धनराशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0.590 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 60.090 |
| 3 | असम | 60.000 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 17.570 |
| 5 | दादर नगर और दमन दीव | 1.000 |
| 6 | गोवा | 0.890 |
| 7 | जम्मू एवं कश्मीर | 40.000 |
| 8 | झारखंड | 31.000 |
| 9 | मध्यप्रदेश | 32.170 |
| 10 | महाराष्ट्र | 95.445 |
| 11 | मेघालय | 6.000 |
| 12 | मिजोरम | 10.000 |
| 13 | नागालैंड | 10.000 |
| 14 | एनआईआरडी | 12.370 |
| 15 | ओडिशा | 27.334 |
| 16 | पंजाब | 10.000 |
| 17 | राजस्थान | 21.720 |
| 18 | सिक्किम | 6.000 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 13.530 |
| 20 | उत्तराखंड | 64.670 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 33.470 |
| 22 | अन्य | 1.450 |
| | **कुल** | **555.299** |

***